<u>समाचार</u>

सामुदायिक संगठक, महिला स्वसहायता समूह व स्वच्छता दीदियॉ संयुक्त रूप से शहर की स्वच्छता में अपनी भूमिका निभाएं–आयुक्त

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने ली एन.यू.एल.एम. की सामुदायिक संगठकों, एस.एल.आर.एम. सेंटर्स की सुपरवाईजरों व संबंधित अधिकारियों की बैठक)

कोरबा 05 दिसम्बर 2024 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने कहा है कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की सामुदायिक संगठक, महिला स्वसहायता समूह तथा स्वच्छता दीदियॉ मिलकर संयुक्त रूप से शहर की स्वच्छता एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें, अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में भ्रमण कर स्वच्छता गतिविधियों पर नजर रखें, खुले में कचरा न डाला जाए, इस हेतु लोगों को जागरूक व प्रेरित करें।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में एन.यू.एल.एम. की सामुदायिक संगठकों, महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों, स्वच्छता दीदियों व संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, स्वच्छता ही हम स्वस्थ रह सकते हैं तथा मनुष्य का अच्छा स्वास्थ्य ही उसकी सबसे बड़ी दौलत है। उन्होने कहा कि जब हमारा शहर स्वच्छ रहेगा तो हम सभी भी निरोगी व स्वस्थ रहेंगे। उपस्थित सामुदायिक संगठकों, सेंटर सुपरवाईजरों को दिशा निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि सामुदायिक संगठक, सेंटर सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियॉ साथ मिलकर संयुक्त रूप से शहर की स्वच्छता में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, वे अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में प्रतिदिन भ्रमण कर, वहॉ की साफ–सफाई का पर्यवेक्षण करें एवं यह देखें कि सभी घरों से कचरे का संग्रहण हो रहा है, कोई घर छुट तो नहीं रहा, शहर व स्लम बस्तियों की तंग गलियों में यदि वाहन व रिक्शा जाने में कठिनाई हो रही है तो उन घरों से भी कचरा संग्रहण हों, इस पर भी ध्यान दें।

<u>स्वच्छता के प्रति लोगों को करें जागरूक</u> – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बैठक में कहा कि सामुदायिक संगठक व सेंटर सुपरवाईजर अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में वहॉ के रहवासियों को स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति जागरूक करें, उनसे आग्रह करें कि वे घरों व प्रतिष्ठानों से निकले अपशिष्ट को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर न डालें, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु घर पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियों के वाहन में ही कचरें को डाले। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आमनागरिकों से भी अपील करते हुए कहा है कि

शहर को साफ–सुथरा रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है, हमारा शहर साफ–सुथरा रहे, इसमें निगम की सफाई व्यवस्था में वे अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।

वयवंदन व आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु लोगों को जागरूक करें – बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने सामुदायिक संगठकों, सेंटर सुपरवाईजरों का मार्गदर्शन करते हुए कहा है कि चूंकि भारत सरकार की महती योजना '' आयुष्मान योजना व वयवंदन योजना '' के तहत कार्ड बनाने हेतु कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में शिविर लगाए जा रहे हैं, अतः सामुदायिक संगठक व सुपर वाईजर अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सेंटर तक जाने के लिए प्रेरित व मोवलाईज करें, 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के जो लोग सेंटर नहीं पहुंच सकते, उनके घर पहुंचकर उनके कार्ड बनाए जाने हैं, अतः सामुदायिक संगठक इस कार्य में भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाएं।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सुनील वर्मा, श्री सचीन्द्र थवाईत, धनमोहन कुर्रे, एन.यू.एल.एम. की सामुदायिक संगठक, एस.एल. आर.एम.सेंटर की सुपरवाईजर्स आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।